# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 4 (2019-20)

## हिन्दी - ब (कोड-85)

## कक्षा- 10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 10

बातचीत का भी एक विशेष प्रकार का आनंद होता है। जिनको इस आनंद को भोगने की आदत पड़ जाती है वे इसके लिए अपना खाना-पीना तक छोड़ देते हैं, अपना और नुकसान कर लेते हैं, लेकिन बातचीत से प्राप्त आनंद को नहीं खोना चाहते। जिनके केवल पत्र-व्यवहार है, कभी एक बार भी साक्षात्कार नहीं हुआ, उन्हें अपने प्रेमी से बात करने की अत्यधिक लालसा रहती है। अपने मन के भावों को दूसरों के सम्मुख प्रकट करने की और दूसरों के अभिप्राय को स्वयं ग्रहण करने का एकमात्र साधन शब्द ही है।

बेन जानसन का यह कथन उचित प्रतीत होता है कि, बोलने से ही मनुष्य के रूप का साक्षात्कार होता है, बातचीत की सीमा दो से लेकर वहाँ तक रखी जा सकती है जितनों की जमात, मीटिंग या सभा न समझ ली जाए। एडिसन का मत है कि असल बातचीत सिर्फ दो में हो सकती है। जब तीन हुए तब वह दो की बात कोसों दूर चली जाती है। चार से अधिक की बातचीत केवल राम-रमौवल कहलाती है इसलिए जब दो आदमी परस्पर बैठे बातें कर रहे हों यदि तीसरा वहाँ आ जाए तो वे दोनों निरस्त बैठ जाते हैं या फिर तीसरे को निपट मूर्ख और अज्ञानी समझ बतियाने लगते हैं।

इस बातचीत के अनेक भेद हैं। दो बुड्ढों की बातचीत प्रायः जमाने की शिकायत पर हुआ करती है। नौजवानों की बातचीत का विषय जोश, उत्साह, नई उमंग, नया हौसला आदि होता है। पढ़े-लिखे लोगों की बातचीत का विषय प्रसिद्ध विद्वान, विचारक और उनके विचार होते हैं। खिलाड़ियों की बातचीत का विषय खेल चर्चा तथा अधेड़ आयु की स्त्रियों का मुख्य विषय अपनी बहू-बेटी का गिला-शिकवा या आस-पड़ोस की चर्चा होती है। स्कूल के लड़कों की बातचीत का उद्देश्य अपने गुरुजनों की प्रशंसा या निंदा अथवा अपने सहपाठियों के गुण-दोषों आदि का वर्णन करना होता है।

यूरोप के लोग बात करने की कला, **आर्ट ऑफ कन्वरसेशन** में इतने निपुण हैं कि उनकी बात का मुकाबला स्पीच और लेख दोनों नहीं कर पाते। विद्वानों की मंडली में ऐसे चतुराई से प्रसंग छेड़े जाते हैं जिन्हें सुनकर कानों को अद्भुत सुख मिलता है। सहृदय गोष्ठी इसी का नाम है। पच्चीस वर्ष से ऊपर वालों की बातचीत सारगर्भित तथा दूरदर्शितापूर्ण होती है और पच्चीस से नीचे वालों की बातचीत में ऐसा कुछ तो नहीं होता लेकिन उसमें एक प्रकार का मनोरंजन तथा ताजगी रहती है कि उनकी बातचीत में मिठास कई गुणा बढ़ जाती है।

1. बातचीत का आनंद भोगने वालों की दशा कैसी होती है? 2
2. बातचीत के प्रति एडिसन का क्या मत है? 2
3. स्कूल के लड़कों की बातचीत का क्या उद्देश्य होता है? 2
4. पच्चीस वर्ष से ऊपर वालों की बातचीत कैसी होती है? 2
5. नौजवानों की बातचीत का विषय क्या होता है? 1
6. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए? 1

## खण्ड–ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **पद किसे कहते हैं?** 1

3. **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।** $1 \times 3 = 3$
   1. हमारे घर से बाहर निकलते ही बारिश होने लगी। (मिश्र वाक्य में)
   2. रवि बाल कटवाकर संतुष्ट नहीं था। (संयुक्त वाक्य में)
   3. जो व्यक्ति मेहनती है, उसके लिए सबकुछ संभव है। (सरल वाक्य में)

4. **1. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए–** $1 \times 2 = 2$
   नीलकमल, पंचानन।
   2. निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। $1 \times 2 = 2$
   नीला है कंठ जिसका (शिव), वज्र के समान देह

5. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. हमने रास्ते में एक हाथी देखे।
   2. आप ठीक बोलते हैं।
   3. उसका घर में चोरी हो गया।
   4. वह पागल आदमी हो गया।

6. **निम्नलिखित वाक्यों में निहित भाव के अनुसार उपयुक्त मुहावरे लिखिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. आज हमने नया कार्य आरंभ कर दिया हैं।
   2. आजकल विद्यार्थियों को दिन–रात काम में जुटे रहना पड़ता है।
   3. शरारती बच्चों ने पड़ोसियों को बहुत परेशान कर रखा है।
   4. बच्चों की करतूतों से माँ–बाप की आँखें नीची हो गईं।

## खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) 28

7. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 3 = 6$
   1. पाठ के आधार पर बताइए कि सोलोमन केवल मानव–जाति के ही राजा नहीं थे, बल्कि सभी छोटे–बड़े पशु–पक्षियों के भी हाकिम थे।
   2. जापानी मनोरूग्ण क्यों हैं? मानसिक तनाव दूर करने के लिए वे क्या उपाय करते हैं?
   3. लेखक अपने बनाए टाइम टेबल पर अमल क्यों नहीं कर पाता था? **बड़े भाई साहब** पाठ के आधार पर बताइए।
   4. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

8. **वजीर अली एक जाँबाज सिपाही था? 80–100 शब्दों में उदाहरण सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए।** 5

**अथवा**

**वामीरो की प्रतीक्षा में बैठे तताँरा की प्रेम व्याकुलता 80–100 शब्दों में स्पष्ट करें।**

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 3 = 6$
   1. बिहारी कवि ने **जगत तपोवन सो कियो,** ऐसा क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।
   2. **कर चले हम फिदा** कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।
   3. **पर्वत प्रदेश में पावस** के आधार पर लिखें कि प्रकृति पल पल अपना रूप किस प्रकार बदल रही है?
   4. कबीर के अनुसार ईश्वर की प्राप्ति किस प्रकार की जा सकती है?

10. **जीवन में विजय पाने का कवि ने कौनसा मार्ग सुझाया है? 80–100 शब्दों में आत्मत्राण कविता के आधार पर बताइए।** 5

**अथवा**

**कबीर की साखियों की भाषा शैली पर 80–100 शब्दों में प्रकाश डालिए।**

**11.** **1. लेखक अपने छात्र जीवन में स्कूल से छुट्टियों में मिले काम को पूरा करने के लिए क्या क्या योजनाएँ बनाया करता था? 60–70 शब्दों में बताइये। 3**

2. टोपी, इफ्फन की दादी से अपनी दादी क्यों बदलना चाहता था? 60–70 शब्दों में बताइये। 3

## खण्ड–घ (लेखन) 26

**12.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 6**

**(1) स्वावलंबन।**

✻ स्वावलंबन का अर्थ ✻ आत्मविश्वास की सीढ़ी ✻ स्वावलम्बी समाज राष्ट्र का हितैषी

**(2) जैसी संगति बैठिए तैसोई फल दीन।**

✻ सत्संगति का प्रभाव ✻ कुसंगति से हानि ✻ चरित्र का परिचायक ✻ प्रभावशाली व्यक्तित्व

**(3) बेरोजगारी : समस्या एवं समाधान।**

✻ बेरोजगारी से उत्पन्न समस्याएँ ✻ बेरोजगारी के कारण ✻ समाधान हेतु सुझाव

**13.** **आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य से खेलों का और अधिक सामान मँगाने के लिए निवेदन करते हुए एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए। आप अपने आपको खेल–परिषद की सेक्रेटरी के रूप में प्रस्तुत कीजिए। 5**

**अथवा**

**अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय एवं वाचनालय खोलने की प्रार्थना करते हुए शिक्षा विभाग के सचिव को एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए।**

**14.** **आपके विद्यालय में एक विद्यार्थी को एक पर्स मिला है जिसमें रुपये, चाबी आदि हैं। इसकी सूचना देने के लिए अनुशासन अधि–कारी की ओर से सूचना–पट पर लिखने के लिए 40–50 शब्दों में सूचना का प्रारूप लिखिए। 5**

**अथवा**

**प्रधानाचार्य हैप्पी पब्लिक स्कूल, दरियागंज की ओर से गरीब व अनाथ बच्चों के दाखिले की सूचना 40–50 शब्दों में पर्याप्त जानकारी (उम्र, सुविधाएँ आदि) सहित दीजिए।**

**15.** **नारी सुरक्षा और वर्तमान युग विषय पर नारी सुरक्षा समिति के दो कार्यकर्ताओं के बीच संवाद लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए। 5**

**अथवा**

**माँ और बेटी में बातचीत हो रही है। बातचीत का आधार रटंत विद्या को न अपनाकर समझने पर बल देना है। इनके बीच लगभग 50–60 शब्दों में संवाद लिखिए।**

**16.** **किसी हर्बल क्रीम के बारे में एक आकर्षक विज्ञापन 25–50 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 5**

**अथवा**

**अपने विद्यालय की संस्था पहरेदार की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग 25–50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।**

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and p aper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.